BCM SCHOOL BASANT AVENUE LDH.(4.9.25)
Assignment -3
class X Hindi M.M-15

(1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उचित विकल्प चुनें:- (5)

जब कोई वीर पुरुष किसी को क्षमा करता है तो वह सुनने और देखने में अच्छा लगता है। लेकिन जब कोई कायर और कमजोर व्यक्ति किसी को क्षमा करने की बात करता है, तो यह उपहास की बात हो जाती है। यदि हम अपने को बड़ा मानते हैं, हम बलशाली और विद्वान हैं, हम बड़े प्रबुद्ध हैं, तो फिर यही क्षमा हमारे जीवन का अलंकार बन जाता है। शिक्षक बच्चों को पढाते हैं, बच्चों का काम होता है-भूल करना। यदि शिक्षक उनकी भूलों को क्षमा कर देते हैं तो यहाँ शिक्षक की गरिमा बढ़ती है, मर्यादा बढ़ती है। लेकिन यदि बच्चों को उनकी किसी प्रकार की छोटी-मोटी भूलों के लिए सजा दी जाए, उन्हें पीटा जाए, डॉटा-फटकारा जाए, उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास किया जाए तो उस व्यक्ति या शिक्षक को हम क्षमाशील नहीं कह सकते। ऐसा करना हमारी भूल ही होगी।

यह हमारी कौन-सी महानता होगी कि किसी ने कुछ भूल कर दी और हमने उसके बदले उसे दो हाथ लगा दिए। मनुष्य के समान कोई दूसरा आत्मघाती जौव इस संसार में खोजना मुश्किल है। इस संसार में सिर्फ मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो सिर्फ अपना ही नुकसान करने के पीछे पड़ा रहता है। इसके सिवा संसार में ऐसा और कोई दूसरा जीव नहीं है, जो अपना नुकसान करने की ताक में लगा रहता हो। हम जो भूल करते चले जा रहे हैं, उससे हमारे ही शरीर का क्षय होता है, हमारा ही शरीर टूटता है, विकृत होता जा रहा है। फिर भी मनुष्य गलती पर गलती करता चला जा रहा है।

(1) कायर और कमजोर व्यक्ति का कौन-सा कार्य उपहास का कारण बन जाता है?

(a) दूसरों का उपहास करना

(b) दूसरों की सेवा करना

(c) किसी को क्षमा करना

(d) डटकर मुकाबला करना

(2) क्षमा हमारे जीवन का अलंकार कब बनती है?

(a) जब हम किसी को क्षमा करते हैं।

(b) बलवान्, विद्वान और प्रबुद्ध होने पर भी दूसरों को क्षमा करना।

(c) जब हम बढ़ा-चढ़ाकर बात करते हैं।

(d) जब हम पूरी तरह कमज़ोर हो।

(3) शिक्षक की गरिमा और मर्यादा कब बढ़ती है?

(a) जब वह छात्रों को दण्ड देता है।

(b) जब वह शिक्षक के काम को केवल नौकरी समझता है।

(c) जब शिक्षक छात्रों की भूलों को क्षमा कर देता है।

(d) जब वह छात्रों की बात को अनसुनी करता है।

(4) मनुष्य को आत्मघाती जीव क्यों कहा जाता है?

(a) मनुष्य सभी का हित चाहता है।

(b) मनुष्य के समान हितकारी कोई नहीं है।

(c) मनुष्य केवल अपना हित करता है।

(d) मनुष्य हमेशा अपना नुकसान करने को तत्पर रहता है।

(5) गरिमा' का विशेषण बनाइए।

(a) गौरव

(b) लघिमा

(c) गुरु, गरिमामय

(d) गरिमा बाला

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच से छः पंक्तियों में दें:-

(2) कितना कम लेकर ये समाज को कितना अधिक वापस लौटा देती है।" इस कथन के आधार पर स्पष्ट करें कि आम जनता की देश की आर्थिक प्रगति में क्या योगदान है? (3)

(3) कटाओ' पर किसी भी दुकान का न होना उसके लिए वरदान है। इस कथन के पक्ष में अपनी राय व्यक्त कीजिए! (3)

(4) प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है? (2)

(5) लेखिका ने छाया और माया का अनोखा खेल किसे कहा है? (2)

<